भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2228
सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन के विकास के लिए प्राथमिकता वाली परियोजनाएं

†2228. श्रीमती अपराजिता सारंगीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओडिशा राज्य में वर्ष 2017-22 के दौरान पर्यटन के विकास के लिए प्राथमिकता वाली परियोजनाओं तथा उसके अंतर्गत उपलब्ध कराई गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) ओडिशा राज्य में पिछले पांच वर्षों के दौरान पर्यटन के विकास के लिए प्राथमिकता वाली परियोजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि में से रिपोर्ट की गई धनराशि के उपयोग का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार पर्यटन के विकास के लिए ओडिशा राज्य को कोई विशेष पैकेज प्रदान करती है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) ऐसी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने के लिए सरकार द्वारा स्थापित निगरानी तंत्र का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' और 'तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' की अपनी केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को उनके परामर्श से वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों में सहायता करता है। ओडिशा राज्य में इन योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं ब्यौरा **अनुबंध** दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन-केंद्रित दृष्टिकोण का अनुपालन करते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को अब स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है, राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से और योजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, मंत्रालय ने ओडिशा में 'कोरापुट' और 'देबरीगढ़ के साथ-ही खिंडा गांव के विशेष आकर्षण' सहित एसडी 2.0 के तहत विकास के लिए देश में 57 गंतव्यों को चिह्नित किया है।

इसके अलावा, मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत ओडिशा में 'चौसठयोगिनी मंदिर' (जिला बलांगीर) और 'मां किचकेश्वरी मंदिर' (जिला मयूरभंज) को भी चिह्नित किया है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर संबंधित हितधारकों के साथ समीक्षा बैठकों के माध्यम से परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करता है।

*****

अनुबंध

श्रीमती अपराजिता सारंगी द्वारा पर्यटन के विकास के लिए प्राथमिकता वाली परियोजनाएं के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2228 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

(i) ओडिशा राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का ब्यौरा निम्न प्रकार है:

(करोड़ रु. में)

परिपथ / स्वीकृति वर्ष	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी/अधिकृत राशि**	**उपयोग की गई राशि**	**भौतिक स्थिति (%)**
तटीय परिपथ 2016-17	गोपालपुर, बर्कुल, सतपाड़ा और तम्पारा का विकास	70.82	67.28	63.25	पूर्ण

(ii) ओडिशा राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का ब्यौरा निम्न प्रकार है:

(करोड़ रु. में)

परियोजना का नाम	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**	**जारी की गई राशि**	**उपयोग की गई राशि**
पुरी में अवसंरचना का विकास	2014-15	50.00	10.00	परियोजना का उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) प्रतीक्षित है

*****